# केंद्रीय विद्यालय संगठन, गुरुग्राम संभाग

KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN, GURUGRAM REGION

## 52वीं के.वि.सं. राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता 2023

## (छात्राएं आयुवर्ग - 14, 17 और 19 से कम)

## खेल - जूडो, निशानेबाजी, योगासन

## 52nd KVS National Sports Meet 2023

## (Girls Under-14, 17 & 19)

## Games – Judo, Shooting, Yogasana

# स्मारिका




**06th Nov 2023 to 09th Nov 2023**

**Organizer : Kendriya Vidyalaya No 2, Ambala Cantt**

**Sports Venue : Shivalik Gurukul Aliaspur, Ambala**

# सन्देश



मेरे लिए यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि केन्द्रीय विद्यालय संगठन मुख्यालय द्वारा जारी दिशा- निर्देशों अनुसार केन्द्रीय विद्यालय संगठन, गुरुग्राम संभाग द्वारा 52वीं राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

केन्द्रीय विद्यालय संगठन, गुरुग्राम संभाग द्वारा आयोजित की जा रही 52वीं राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता निश्चय ही शैक्षणिक गतिविधियों एवं पठन-पाठन के साथ-साथ छात्रों की प्रतिभा के विकास में विशेष भूमिका निभायेगी | शिक्षा से आत्मिक और बौद्धिक विकास होता है तो वहीं खेलों से शारीरिक विकास। खेलने से शरीर में स्फूर्ति का संचार होता है। इसी कारण प्रत्येक समाज में खेल कूद का महत्वपूर्ण स्थान है।

महान यूनानी दार्शनिक प्लेटों का कथन है कि - "स्वस्थ शरीर वाला व्यक्ति ही भली प्रकार से मस्तिष्क का विकास कर सकता है"। पुस्तकों में निरंतर व्यस्त रहने वाले छात्रों के लिए खेल - कूद अत्यंत आवश्यक होते हैं, अन्यथा वे दुर्बलता, अनिद्रा, स्मरण शक्ति का अभाव आदि रोगों से ग्रस्त हो जाते हैं। यही कारण है कि आधुनिक शिक्षा प्रणाली में खेल-कूद को महत्वपूर्ण स्थान प्रदान किया गया है। केन्द्रीय विद्यालयों में कार्यरत सभी शिक्षकगण, शिक्षा के अनेक मानदण्डों को पूर्ण करते हुए भी स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में अपना बहुमूल्य योगदान प्रदान कर रहे हैं।

मैं छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ और यह आशा करता हूँ कि सभी छात्र इस संस्था का नाम स्वर्णिम अक्षरों में लिखने के लिए अग्रसर रहेंगे। प्रतियोगिता के आयोजन में अपनी भूमिका निभाने वाले समस्त प्राचार्यो, अध्यापकों, कर्मचारियों एवं सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को बहुत बहुत बधाई एवं असीम शुभकामनाएँ ।

धन्यवाद सहित !

(वरुण मित्र)

**उपायुक्त के.नि.सं.गुरुग्राम संभाग**

**उपायुक्त**

**केंद्रीय विद्यालय संगठन**

**गुरुग्राम संभाग**

# MESSAGE

**Sh. Prashant Khushwaha**

**International Relations and Management Committee (Indian Olympic Association)**

**President- I.K.C.A**



It gives me great delight that the Kendriya Vidyalaya Sangathan (KVS) is organising the mega National Sports Event for School Children, and I would like to laud the efforts of the Kendriya Vidyalaya Sangathan, which provides a unique platform for our youth to come together and compete in a variety of sports, contribute to the sports fraternity, and help unleash the potential of the youngsters. The participants in Shooting, Yoga, and Judo will compete in their respective categories, with a focus on fostering talent and promoting healthy competition. It serves as a testament to their hard work, dedication, and commitment to excellence in sports. The event aims to promote physical fitness, camaraderie, and the spirit of healthy competition among the future stars of our nation. I wish all the very best to the athletes, coaches, and sports enthusiasts from all over to join us in celebrating the spirit of sports and unity. Let us come together to support and encourage our future champions in their quest for excellence. I once again wish the 52nd KVS National Sports Meet a grand success. Let the games begin, and may the best emerge victorious!

Best Wishes,

Prashant Khushwaha
President- I.K.C.A

# MESSAGE



**GAGAN NARANG,**
**(Olympic Medallist, International Shooter)**

**All the best to all athletes! Trust in your training, give it your all, and let your passion fuel your performance. You've got this!**
**warm regards!**

**Sh. GAGAN NARANG,**
**(Olympic Medallist, International Shooter)**

# सन्देश



केंद्रीय विद्यालय संगठन गुरुग्राम संभाग द्वारा आयोजित 52वीं के.वि.सं. राष्ट्रीय खेल कूद प्रतियोगिता 2023 बालिकाओं (आयुवर्ग- 14, 17 &19 वर्ष से कम ) की स्मारिका आपके समक्ष प्रस्तुत करना मेरे लिए अत्यंत हर्ष का विषय है ।

खेलकूद द्वारा शिक्षार्थियों में समूह में रहकर कार्य करने की भावना, जीवन की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करने की भावना, राष्ट्रीयता की भावना तथा एक श्रेष्ठ नागरिक बनकर समाज में उपयोगी बनने की भावना का विकास होता है जो कि केंद्रीय विद्यालय संगठन के उद्देश्यों के अनुरूप है।

वास्तव में किसी भी समारोह का आयोजन महायज्ञ के आयोजन के समान होता है जो कि अनेक लोगों की शुभेच्छा एवं सहयोग से संपन्न होता है । अस्तु खेल के माध्यम से इस आयोजन को अविस्मरणीय बनाने वाले सभी छात्राओं, विजेताओं एवं प्रतिभागियों को कोटि-कोटि बधाई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं ।

अंत में 52वीं के.वि.सं. राष्ट्रीय राष्ट्रीय खेल कूद प्रतियोगिता 2023 बालिकाओं (आयुवर्ग- 14, 17 & 19 वर्ष से कम) 2023 के आयोजन से संबंधित समस्त अधिकारियों, पदाधिकारियों प्राचार्यो शिक्षकों एवं विद्यार्थियों जिन्होंने इसे सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग एवं समर्थन दिया का पूरे ह्रदय से आभार व्यक्त करती हूं।

(हरिन्द्र सिंह लाम्बा)
प्राचार्य
केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2, अम्बाला छावनी

# *Members of Organizing Committee*

- Sh. Varun Mitra, Deputy Commissioner
- Sh. Didar Singh, Assistant Commissioner
- Sh. Harinder Singh Lamba, Principal, K V No. 2 AMBALA CANTT
- Sh. R.C Sharma, Principal, K V No. 1 Ambala CANNT
- Sh. Amit Arora, Principal, K V No. 3 AMBALA CANTT
- Sh. Aman Gupta, Principal, K V No. 4 AMBALA CANTT
- Smt. Monika, Principal, KV ITBP Bhanu
- Smt. Asha Chaudhary, Principal, K V Subathu
- Sh. Jagjit Singh, I/C Regional Sports Cell, TGT(P&HE), KV No 1 Chandimandir
- Sh. Naresh Kumar, TGT (P&HE), KV Palampur
- Sh. Anil Dahiya, TGT(P&HE), KV Harsinghpura
- Sh. Ashwani, TGT(P&HE), KV Ghumarvin
- Sh. Vishal Singh, TGT (P&HE), KV No.3 Ambala
- Sh. Ajay Alexender, TGT (P&HE), KV No.2 Ambala
- Ms. Saroj Bala, TGT (P&HE ) KV Fatehabad
- Ms. Yakshi, TGT (P&HE) KV ITBP, Bhanu
- Ms. Monika Sharma, TGT (P&HE), KVS AFA Kasauli

# Opening Ceremony

# Chief Guest

**Date:- 06-Nov-2023**



**Dr. Mahender Singh**
**Principal**
**Government College of Yoga Education & Health, Sector-23A,**
**Chandigarh**

# 52nd KVS National Sports Meet 2023 (Girls U-14, 17, 19)















# 52nd KVS National Sports Meet 2023 (Girls U-14, 17, 19)















# Glimpses of Events









**GAME - SHOOTING (U-14,17 &19)**








**GAME - YOGASANA (U-14,17 &19)**









## GAME - JUDO (U-14,17 &19)

# News Coverage

# 52nd KVS National Sports Meet 2023 (Girls U-14, 17, 19)



पानीपत, मंगलवार, 7 नवंबर, 2023 | 2

**केंद्रीय विद्यालय संगठन की 52वीं खेल प्रतियोगिता • केवी संगठन के 25 संभागों से 668 छात्राएं व 109 संरक्षक पहुंचे**

## विद्यार्थियों ने तेलंगाना के लोक नृत्य व मलखंब की शानदार प्रस्तुति दी

भास्कर न्यूज | अम्बाला

केंद्रीय विद्यालय संगठन मुख्यालय नई दिल्ली की 52वीं खेल प्रतियोगिताओं का उद्घाटन समारोह सोमवार को शिवालिक गुरुकुल इलियासपुर परिसर में हुआ। मेजबान केंद्रीय विद्यालय संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम रहा। प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए केवी संगठन के 25 संभागों की 668 छात्राएं व 109 संरक्षक शिक्षक शिवालिक गुरुकुल परिसर में पहुंचे। जूडो, योग व निशानेबाजी में अंडर-14, 17 व 19 आयु वर्ग की छात्राओं के लिए 9 नवंबर तक कराई जा रही हैं। मुख्यातिथि गवर्नमेंट कॉलेज योग व स्वास्थ्य चंडीगढ़ के प्रिंसिपल डॉ. महेंद्र सिंह थे। मेजबान केवी संभाग गुरुग्राम के डीसी वरुण मित्र, सहायक आयुक्त दीदार सिंह व आयोजक समिति के सदस्य, केवी प्रिंसिपल आशा चौधरी, मोनिका, हरिंद्र सिंह लांबा, अमित अरोड़ा, आरसी शर्मा, अमन गुप्ता ने उनका स्वागत किया। मुख्यातिथि के स्वागत में केवी-1 के स्टूडेंट्स ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। गुरुग्राम संभाग के सहायक आयुक्त दीदार सिंह ने स्वागत संबोधन दिया। मुख्यातिथि ने ध्वजारोहण किया और मार्च पास्ट में विभिन्न संभागों की सलामी ग्रहण की। सलामी के बाद खिलाड़ियों ने सत्य और कर्तव्यनिष्ठा से खेलने की शपथ ली। सांस्कृतिक कार्यक्रम में केवी-3 के स्टूडेंट्स ने तेलंगाना राज्य के लोक नृत्य व शिवालिक गुरुकुल के विद्यार्थियों ने आकर्षक मलखंब से समारोह की शोभा बढ़ाई। केवी-2 के प्रिंसिपल हरिंद्र सिंह लांबा ने कार्यक्रम को सराहा।





अम्बाला। केवी की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते विद्यार्थी व कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्यातिथि व अन्य।

सोसाइटी न्यूज

गुरुद्वारा पंजोखरा साहिब में समागम के साथ दीपमाला व आतिशबाजी की

---

## केंद्रीय विद्यालय संगठन की 52वीं राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताएं शुरू

अम्बाला, 6 नवम्बर (बलराम): शिवालिक गुरुकुलए इलियासपुर परिसर में मेजबान केंद्रीय विद्यालय संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम संभाग द्वारा आयोजित की जा रही केंद्रीय विद्यालय संगठन मुख्यालय नई दिल्ली की 52वीं राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं का सोमवार को उद्घाटन हुआ। इन प्रतियोगिताओं में केंद्रीय विद्यालय संगठन के 25 संभागों के विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों की 668 छात्राएं भाग ले रही हैं जो जूडो, योग एवं निशानेबाजी के अंडर-14, 17 और 19 आयु वर्गों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी।


उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि राजकीय योग एवं स्वास्थ्य शिक्षा महाविद्यालय, चंडीगढ़ के प्राचार्य डा. महेंद्र सिंह थे। केंद्रीय विद्यालय संगठन गुरुग्राम संभाग के उपायुक्त वरुण मित्र, सहायक आयुक्त दीदार सिंह, आयोजक समिति के सदस्य केंद्रीय विद्यालयों के प्राचार्यों आशा चौधरी, मोनिका, हरिन्द्र सिंह लाम्बा, अमित अरोड़ा, आर.सी. शर्मा तथा अमन गुप्ता द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। इसके बाद उन्होंने दीप प्रज्वलित कर समारोह की शुरुआत की।

समारोह के दौरान केंद्रीय विद्यालय कमांक-1, अम्बाला छावनी के विद्यार्थियों ने मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत किया। फिर मुख्य अतिथि ने ध्वजारोहण किया और मार्च पास्ट में उन्होंने विभिन्न संभागों के खिलाड़ियों की सलामी ली। इसके उपरांत सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को सत्य और कर्तव्यनिष्ठा से खेलने की शपथ दिलाई गई।

सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला में केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-3, अम्बाला छावनी के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत तेलंगाना राज्य के लोक नृत्य ने तथा शिवालिक गुरुकुल के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक मलखंब ने समारोह की शोभा बढ़ा दी।



*मुख्य अतिथि को स्मृतिचिन्ह भेंट करते आयोजक।*



*खेल प्रतियोगिताओं के उद्घाटन समारोह में मलखंब प्रस्तुत करते विद्यार्थी।*

सामाजिक विज्ञान कार्यक्रम में बच्चों ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

---

## केंद्रीय विद्यालय में 52वीं खेल प्रतियोगिताओं के उद्घाटन समारोह का भव्य आयोजन

सवेरा न्यूज/ हनी वर्मा

अम्बाला छावनी, 6 नवंबर : केंद्रीय विद्यालय संगठन,मुख्यालय नई दिल्ली की 52वीं खेल प्रतियोगिताओं के भव्य उद्घाटन समारोह का आयोजन शिवालिक गुरु कुल, इलियासपुर परिसर, जिला अंबाला में मेजबान संभाग केंद्रीय विद्यालय संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय गुरु ग्राम संभाग द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि इस 52वीं राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु केंद्रीय विद्यालय संगठन के 25 संभागों के विविध केंद्रीय विद्यालयों की 668 छात्राएं और 109 संरक्षक शिक्षक शिवालिक गुरुकुल परिसर में पहुंचे हैं। यह प्रतियिगताएं जूडो,योग एवं निशानेबाजी में अंडर 14, 17 और 19 आयुवर्ग की छात्राओं शिवालिक गुरु कुल परिसर में आयोजित की जा रही हैं जिसमें वे जूडो, योग एवं निशानेबाजी में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। इस समारोह में डॉक्टर महेंदर सिंह,प्राचार्य, गवर्नमेंट कॉलेज,योग एवं स्वास्थ्य शिक्षा,चंडीगढ़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे । सांस्कृतिक कार्यक्र म की श्रृंखला में केंद्रीय विद्यालय क्र मांक 3 ,अंबाला छावनी के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत तेलंगाना राज्य के लोक नृत्य ने तथा शिवालिक गुरु कुल के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक मलखंब ने समारोह की शोभा को द्विगुणति कर दिया। केंद्रीय विद्यालय क्र मांक 2 अंबाला छावनी के प्राचार्य हरिन्द्र सिंह लाम्बा ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। राष्ट्र गान के साथ कर्ग्क्र म का समापन हुआ।



कार्यक्रम में प्रस्तुति देते स्कूल के छात्र।

# मलखंभ ने किया चकित

## शिवालिक गुरुकुल अलियासपुर में केंद्रीय विद्यालयों की 668 छात्राएं दिखाएंगी प्रतिभा

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। केंद्रीय विद्यालय संगठन मुख्यालय नई दिल्ली की ओर से शिवालिक गुरुकुल अलियासपुर परिसर में 52वीं खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इसका आयोजन केंद्रीय विद्यालय संगठन क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम संभाग द्वारा किया जा रहा है।

प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सोमवार को केंद्रीय विद्यालय संगठन के 25 संभागों के विविध केंद्रीय विद्यालयों की 668 छात्राएं और 109 संरक्षक शिक्षक शिवालिक गुरुकुल परिसर में पहुंचे। वहीं राजकीय कॉलेज चंडीगढ़ के प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

*ध्वजारोहण के बाद खिलाड़ियों ने कर्तव्य निष्ठा से खेलने की शपथ ली। इस दौरान केंद्रीय विद्यालय क्रमांक तीन अंबाला छावनी* के विद्यार्थियों ने तेलंगाना राज्य के लोक नृत्य और शिवालिक गुरुकुल के विद्यार्थियों ने मलखंभ की सुंदर प्रस्तुति दी।

जानकारी के अनुसार शिवालिक गुरुकुल परिसर में 14, 17 और 19 आयुवर्ग की छात्राओं के लिए 6 से 9 नवंबर तक जूडो, योग एवं निशानेबाजी प्रतियोगिता आयोजित की जा रही हैं। इसमें केंद्रीय विद्यालयों की छात्राएं प्रतिभा दिखाएंगी। स्वागत के बाद अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित किया और विद्यार्थियों ने स्वागत गीत गाया। केंद्रीय विद्यालय संगठन गुरुग्राम संभाग के सहायक आयुक्त दीदार सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित किया। केंद्रीय विद्यालय क्रमांक तीन अंबाला छावनी के प्राचार्य हरिंद्र सिंह लांबा ने सभी का आभार जताया। इस मौके पर केंद्रीय विद्यालय संगठन गुरुग्राम के उपायुक्त वरुण मित्र, सहायक आयुक्त दीदार सिंह, आयोजक समिति सदस्य, केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य क्रमशः आशा चौधरी, मोनिका, हरिंद्र सिंह लांबा, अमित अरोड़ा, आरसी शर्मा और अमन गुप्ता मौजूद रहे।



शिवालिक गुरुकुल अलियासपुर परिसर में खेल स्पर्धाओं का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि। संवाद

### केंद्रीय विद्यालय संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम संभाग की ओर से हो रहा स्पर्धाओं का आयोजन

सिटी स्पोर्ट्स

# जूडो में 23 किलो से कम भार वर्ग में शैली प्रथम

## केंद्रीय विद्यालयों की 52वीं खेल प्रतियोगिताएं 9 नवंबर तक चलेंगी

भास्कर न्यूज | अम्बाला



केंद्रीय विद्यालय संगठन क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम संभाग की तरफ से केंद्रीय विद्यालय संगठन नई दिल्ली की 52वीं खेल प्रतियोगिताओं में मंगलवार को जूडो, योग और निशानेबाजी का आयोजन शिवालिक गुरुकुल अलियासपुर में किया। गुरुग्राम संभाग के क्षेत्रीय खेलकूद विभाग के प्रभारी जगजीत सिंह ने बताया कि अंडर-14 आयुवर्ग के जूडो के फाइनल परिणाम आ चुके हैं।

23 किलो से कम भार वर्ग में आगरा संभाग में केवी ओईएफ हजरतपुर की शैली सिंह पहले, जयपुर संभाग में केवी टोंक की डिंपल पहाड़िया दूसरे, रांची संभाग में केवी सीआरपीएफ की साक्षी तीसरे व गुरुग्राम संभाग में केवी चंडीमंदिर छावनी केवी-2 की नियति चौथे स्थान पर रहीं। 27 किलो से कम भार वर्ग में जयपुर संभाग में केवी भीलवाड़ा की दीपांशी पहले, दिल्ली संभाग में केवी जेएनयू की काव्य दूसरे, चंडीगढ़ संभाग में केवी जालंधर छावनी क्रमांक 2 की रोहिणी तीसरे व पटना संभाग में केवी दानापुर की माही चौथे स्थान पर रही। 32 किलो से कम भार वर्ग में जयपुर संभाग में केवी टोंक की प्रतिष्ठा शर्मा पहले, रांची संभाग में केवी सीआरपीएफ की आभा दूसरे, दिल्ली संभाग में केवी बदरपुर की इरम तीसरे व लखनऊ संभाग में केवी क्रमांक 2 चकेरी कानपुर की स्वाति सिंह चौथे स्थान पर रहीं। 36 किलो से कम भार वर्ग में गुरुग्राम संभाग में वायु सेना स्थल गुरुग्राम संभाग की धनिष्ठा पहले, लखनऊ संभाग में केवी 2 चकेरी कानपुर की इशिका यादव दूसरे, भोपाल संभाग में केवीएस क्रमांक 3 की पलक तीसरे, चंडीगढ़ संभाग में केवीएस क्रमांक 3 जालंधर छावनी की ज्योति चौथे स्थान पर रहीं। 40 किलो से कम भार वर्ग में लखनऊ संभाग केवी क्रमांक 2 चकेरी कानपुर की अंजना बाजपेई पहले स्थान पर रहीं।



my city


करनाल | बुधवार • 08.11.2

अमर उजाला

amarujala.com

# जूडो में शैली प्रथम, डिंपल द्वितीय

## शिवालिक गुरुकुल अलियासपुर में केंद्रीय विद्यालय संगठन की 52वीं खेलकूद प्रतियोगिता



शिवालिक गुरुकुल अलियासपुर में खेलकूद प्रतियोगिता के तहत कराए मुकाबले। संवाद



प्रतियोगिता के दौरान निशाना लगाते प्रतिभागी। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**अंबाला।** शिवालिक गुरुकुल अलियासपुर में केंद्रीय विद्यालय संगठन नई दिल्ली की 52वीं खेलकूद प्रतियोगिता के तहत खेल मुकाबले कराए। इसमें खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसमें छात्राओं की जूडो, योग और निशानेबाजी प्रतियोगिता नौ नवंबर तक चलेगी।

गुरुग्राम संभाग के क्षेत्रीय खेलकूद विभाग प्रभारी जगजीत सिंह ने बताया कि आयुवर्ग-14 जूडो में 23 किलो भारवर्ग से नीचे वर्ग में आगरा संभाग में केंद्रीय विद्यालय ओएफएफ हजरतपुर की शैली सिंह प्रथम, जयपुर संभाग में केंद्रीय विद्यालय टोंक की डिंपल पहाड़िया द्वितीय, रांची संभाग में केंद्रीय विद्यालय सीआरपीएफ की साक्षी कुमारी तृतीय, गुरुग्राम संभाग में केंद्रीय विद्यालय चंडीमंदिर छावनी क्रमांक दो की नीयति चौथे स्थान पर रही।

27 किलो भारवर्ग से नीचे वाले वर्ग में जयपुर संभाग में केंद्रीय विद्यालय भीलवाड़ा की दीपांशी प्रथम, दिल्ली संभाग में केंद्रीय विद्यालय जेएनयू की काव्य द्वितीय, चंडीगढ़ संभाग में केंद्रीय विद्यालय जालंधर छावनी क्रमांक दो की रोहिणी तृतीय, पटना संभाग में केंद्रीय विद्यालय दानापुर छावनी की माही कुमारी चौथे स्थान पर रही। 32 किलो भारवर्ग से नीचे वाले वर्ग में जयपुर संभाग में केंद्रीय विद्यालय टोंक की प्रतिष्ठा शर्मा प्रथम, रांची संभाग में केंद्रीय विद्यालय सीआरपीएफ की आभा कुमारी द्वितीय, दिल्ली संभाग में केंद्रीय विद्यालय बदरपुर की इरम तृतीय और लखनऊ संभाग में केंद्रीय विद्यालय क्रमांक दो चकेरी कानपुर की स्वाति सिंह चौथे स्थान पर रही।

36 किलो भारवर्ग से नीचे वाले वर्ग में गुरुग्राम संभाग में केंद्रीय विद्यालय वायुसेना स्थल गुरुग्राम संभाग की धनिष्ठा प्रथम, लखनऊ संभाग में केंद्रीय विद्यालय क्रमांक दो चकेरी कानपुर की इशिका यादव द्वितीय, भोपाल संभाग में केवीएस क्रमांक-तीन द्वितीय की पलक तृतीय, चंडीगढ़ संभाग में केवीएस क्रमांक तीन जालंधर छावनी की कुमारी ज्योति चतुर्थ स्थान पर रही। 40 किलो भारवर्ग से कम वाले वर्ग में लखनऊ संभाग केंद्रीय विद्यालय क्रमांक दो चकेरी कानपुर की अंजना प्रथम, गुरुग्राम संभाग में केंद्रीय विद्यालय वायुसेना स्थल गुरुग्राम की कृष्णा कुमारी मीणा द्वितीय, जयपुर संभाग में केंद्रीय विद्यालय बीएसएफ रायसिंह नगर की नताशा देवी तृतीय और एर्नाकुलम संभाग में केंद्रीय विद्यालय एनएडी अलुवा की नरधीन मरियम आर चौथे स्थान पर रही।

44 किलो भारवर्ग से अधिक वाले वर्ग में चंडीगढ़ संभाग में केंद्रीय विद्यालय सेक्टर-31 की मिली गुंजियाल प्रथम, गुरुग्राम संभाग में केंद्रीय विद्यालय वायुसेना स्थल गुरुग्राम की यशिका सिंह द्वितीय,रायपुर संभाग में केंद्रीय विद्यालय कोंडागांव की लेखा नेतम और दिल्ली संभाग में केंद्रीय विद्यालय बदरपुर की खुशी सिंह चौथे स्थान पर रही।

# निशानेबाजी में नेहा रही अव्वल

## शिवालिक गुरुकुल अलियासपुर में चल रही 52वीं खेलकूद प्रतियोगिता



शिवालिक गुरुकुल अलियासपुर में केंद्रीय विद्यालय संगठन क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**अंबाला।** शिवालिक गुरुकुल अलियासपुर में 52वीं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 9 नवंबर तक होगी। इन प्रतियोगिता में आयुवर्ग-14, 17 और 19 की छात्राओं के जूडो, योग और निशानेबाजी मुकाबले करवाए जा रहे हैं।

केंद्रीय विद्यालय संगठन क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम संभाग के खेल विभाग के प्रभारी जगजीत सिंह ने बताया कि आयुवर्ग-14 निशानेबाजी में फाइनल परिणाम जारी किया।

वहीं, केंद्रीय विद्यालय संगठन क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम संभाग के सहायक आयुक्त दीदार सिंह ने विजेताओं को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया गया।

### फाइनल परिणाम

- 1 से 10 मीटर में चंडीगढ़ संभाग के केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-4 पठानकोट की छात्रा राजश्री पवार प्रथम, आगरा संभाग के केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 वायुसेना हिंडन की छात्रा यशिका त्यागी द्वितीय, जयपुर संभाग के केंद्रीय विद्यालय चुरु की छात्रा विधि शर्मा तृतीय रही।
- ओपन साइट वर्ग में रायपुर संभाग के केंद्रीय विद्यालय धमतारी की नेहा प्रथम, चेन्नई संभाग के केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 मदुरई की छात्रा आर निशा द्वितीय व एर्नाकुलम संभाग से छात्रा कुमारी वरदा सुनील तृतीय रही।
- पीप साइट वर्ग में मुंबई संभाग के केंद्रीय विद्यालय वायुसेना ठाणे प्रथम पाली की छात्रा अनन्या प्रथम, जबलपुर संभाग के केंद्रीय विद्यालय क्रमांक वन एसटीसी जबलपुर की छात्रा प्रगति द्विवेदी द्वितीय, लखनऊ संभाग के केंद्रीय विद्यालय जेएलए बरेली की छात्रा अदिति सिंह तृतीय रही।

# 52nd KVS National Sports Meet 2023 (Girls U-14, 17, 19)

## केंद्रीय विद्यालय संगठन की 52वीं राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में हुए निशानेबाजी के मुकाबले



प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 8 नवम्बर (बलराम): शिवालिक गुरुकुल अलियासपुर में चल रही केंद्रीय विद्यालय संगठन, नई दिल्ली की 52वीं राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान निशानेबाजी के मुकाबले हुए।

केंद्रीय विद्यालय संगठन क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम संभाग के खेल विभाग के प्रभारी जगजीत सिंह ने बताया कि अंडर-14 आयु वर्ग में निशानेबाजी में चंडीगढ़ संभाग के तहत केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-4 पठानकोट की छात्रा राजश्री पवार प्रथम, आगरा संभाग के तहत केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 वायुसेना हिंडन की छात्रा यशिका त्यागी द्वितीय तथा जयपुर संभाग के तहत केंद्रीय विद्यालयचुरू की छात्रा विधि शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

निशानेबाजी के ओपन साइट वर्ग में रायपुर संभाग के केंद्रीय विद्यालय धमतारी की नेहा ने प्रथम, चेन्नई संभाग के केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 मदुरई की छात्रा आर. निशा ने द्वितीय तथा एर्नाकुलम संभाग के केंद्रीय विद्यालय कर्मापरमावर्मापुरम की छात्रा वरदा सुनील ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार, निशानेबाजी के पीप साइट वर्ग में मुंबई संभाग के केंद्रीय विद्यालय वायुसेना ठाणे-प्रथम पाली की छात्रा अनन्या प्रथम, जबलपुर संभाग के केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 एस.टी.सी. जबलपुर की छात्रा प्रगति द्विवेदी द्वितीय तथा लखनऊ संभाग के केंद्रीय विद्यालय जे.एल.ए. बरेली की छात्रा अदिति सिंह तृतीय स्थान पर रहीं।

बुधवार को मुख्य अतिथि केंद्रीय विद्यालय संगठन क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम संभाग के सहायक आयुक्त दीदार सिंह द्वारा अंडर-14 जूडो के प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेताओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। केंद्रीय विद्यालय-2 अम्बाला छावनी के प्राचार्य हरिंद्र सिंह लाम्बा ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय संगठन की 52वीं खेल प्रतियोगिताओं का समापन समारोह 9 नवम्बर को शिवालिक गुरुकुल में आयोजित किया जाएगा।

---

**सिटी स्पोर्ट्स** शिवालिक गुरुकुल में 4 दिवसीय केवी की 52वीं खेल प्रतियोगिताओं का समापन

## योग में ओवरऑल ट्रॉफी गुरुग्राम संभाग को

भास्कर न्यूज | अम्बाला

शिवालिक गुरुकुल में 4 दिवसीय केंद्रीय विद्यालय संगठन, नई दिल्ली की 52वीं खेल प्रतियोगिताओं का समापन समारोह किया गया। प्रतियोगिताओं का आयोजन केंद्रीय विद्यालय संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, गुरुग्राम संभाग के कुशल नेतृत्व में किया गया। आयोजन समिति में प्रिंसिपल आरसी शर्मा, हरिंद्र सिंह लाम्बा, अमित अरोरा, अमन गुप्ता, केवी आईटीबीपी भानू की प्रिंसिपल मोनिका, केवी सुबाथु की प्रिंसिपल आशा चौधरी रहे। समापन समारोह में जिले के वन विभाग अधिकारी डॉ. पवन कुमार शर्मा मुख्यातिथि रहे। केवी संगठन आगरा, भोपाल और देहरादून संभाग की छात्राओं ने योग, कथक व लोक नृत्य की प्रस्तुति दी। हरिंद्र सिंह लाम्बा के स्वागत संबोधन के बाद जूडो, योग व निशानेबाजी में ओवरऑल चैंपियन ट्रॉफी प्राप्त करने वाले संभागों को पुरस्कृत किया गया। सम्मान समारोह में शिवालिक गुरुकुल के प्रिंसिपल, मुख्य आचार्य, खेल विभाग के प्रभारी शिक्षक, कर्मचारियों, 52वीं खेल प्रतियोगिताओं की आयोजन समिति के प्रिंसिपल, क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम संभाग के खेल प्रभारी और ऑफिशियल्स को स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान किया गया।



**अम्बाला।** विजेताओं को सम्मानित करते मुख्यातिथि व स्टाफ।

### ये रहे विजेता

- योग में प्रथम ओवरऑल चैंपियन ट्रॉफी गुरुग्राम संभाग को, दूसरा दिल्ली संभाग को और तीसरा जयपुर संभाग को मिली।
- जूडो में प्रथम ओवरऑल चैंपियन ट्रॉफी कोलकाता संभाग को, दूसरा चेन्नई संभाग को व तीसरा गुवाहाटी संभाग को मिली।
- निशानेबाजी में प्रथम ओवरऑल चैंपियन ट्रॉफी रायपुर संभाग को, दूसरा चड़ीगढ़ संभाग को और तीसरा जयपुर संभाग को मिली।

खेल / अलियासपुर स्थित शिवालिक गुरुकुल में चल रही खेल प्रतियोगिता का समापन

# गुरुग्राम ने जीती ओवरऑल ट्रॉफी



अलियासपुर स्थित शिवालिक गुरुकुल में चल रही चार दिवसीय केंद्रीय विद्यालय संगठन नई दिल्ली की 52वीं खेल प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी शिक्षकों के साथ। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**अंबाला।** अलियासपुर स्थित शिवालिक गुरुकुल में चल रही चार दिवसीय केंद्रीय विद्यालय संगठन नई दिल्ली की 52वीं खेल प्रतियोगिता का वीरवार को समापन हो गया। समापन समारोह में अंबाला के वन विभाग अधिकारी डॉ. पवन कुमार शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

मेजबान संभाग गुरुग्राम के सौजन्य से उन्हें स्मृति चिह्न प्रदान कर उनका स्वागत किया गया। वहीं केंद्रीय विद्यालय संगठन आगरा, भोपाल और देहरादून संभाग की छात्राओं ने योग, कथक और लोक नृत्य प्रस्तुत किया। इन छात्राओं को मुख्य अतिथि ने नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

इस दौरान योग स्पर्धा में प्रथम ओवरऑल चैंपियन ट्रॉफी गुरुग्राम संभाग, द्वितीय दिल्ली संभाग और तृतीय जयपुर संभाग को प्रदान की गई। इसके अलावा योगासन में प्रथम ओवरऑल चैंपियन ट्रॉफी कोलकाता संभाग, द्वितीय चेन्नई संभाग व तृतीय गुवाहाटी संभाग को प्रदान की गई और निशानेबाजी में प्रथम ओवरऑल चैंपियन ट्रॉफी रायपुर संभाग, द्वितीय चंडीगढ़ संभाग और तृतीय जयपुर संभाग को दी गई। जूडो, योग और निशानेबाजी में ओवरऑल चैंपियन ट्रॉफी प्राप्त करने वाले संभागों को मुख्यअतिथि ने पुरस्कृत किया।

समारोह में शिवालिक गुरुकुल के प्राचार्य, मुख्य आचार्य, खेल विभाग के प्रभारी, शिक्षक, कर्मचारियों और 52वीं खेल प्रतियोगिता की आयोजन समिति के प्राचार्यों और क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम संभाग के खेल प्रभारी को स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य मोनिका ने सभी का आभार जताया।

इस मौके पर केंद्रीय विद्यालय क्रमांक वन अंबाला छावनी प्रधानाचार्य आरसी शर्मा, हरिंद्र सिंह लांबा, अमित अरोड़ा, अमन गुप्ता, मोनिका, आशा चौधरी मौजूद रहीं।

खेल अलियासपुर स्थित शिवालिक गुरुकुल में चल रही खेल प्रतियोगिता का समापन

# गुरुग्राम ने जीती ओवरऑल ट्रॉफी



अलियासपुर स्थित शिवालिक गुरुकुल में चल रही चार दिवसीय केंद्रीय विद्यालय संगठन नई दिल्ली की 52वीं खेल प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी शिक्षकों के साथ। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**अंबाला।** अलियासपुर स्थित शिवालिक गुरुकुल में चल रही चार दिवसीय केंद्रीय विद्यालय संगठन नई दिल्ली की 52वीं खेल प्रतियोगिता का वीरवार को समापन हो गया। समापन समारोह में अंबाला के वन विभाग अधिकारी डॉ. पवन कुमार शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

मेजबान संभाग गुरुग्राम के सौजन्य से उन्हें स्मृति चिह्न प्रदान कर उनका स्वागत किया गया। वहीं केंद्रीय विद्यालय संगठन आगरा, भोपाल और देहरादून संभाग की छात्राओं ने योग, कथक और लोक नृत्य प्रस्तुत किया। इन छात्राओं को मुख्य अतिथि ने नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

इस दौरान योग स्पर्धा में प्रथम ओवरऑल चैंपियन ट्रॉफी गुरुग्राम संभाग, द्वितीय दिल्ली संभाग और तृतीय जयपुर संभाग को प्रदान की गई। इसके अलावा योगासन में प्रथम ओवरऑल चैंपियन ट्रॉफी कोलकाता संभाग, द्वितीय चेन्नई संभाग व तृतीय गुवाहाटी संभाग को प्रदान की गई और निशानेबाजी में प्रथम ओवरऑल चैंपियन ट्रॉफी रायपुर संभाग, द्वितीय चंडीगढ़ संभाग और तृतीय जयपुर संभाग को दी गई। जूडो, योग और निशानेबाजी में ओवरऑल चैंपियन ट्रॉफी प्राप्त करने वाले संभागों को मुख्यअतिथि ने पुरस्कृत किया।

समारोह में शिवालिक गुरुकुल के प्राचार्य, मुख्य आचार्य, खेल विभाग के प्रभारी, शिक्षक, कर्मचारियों और 52वीं खेल प्रतियोगिता की आयोजन समिति के प्राचार्यों और क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम संभाग के खेल प्रभारी को स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य मोनिका ने सभी का आभार जताया।

इस मौके पर केंद्रीय विद्यालय क्रमांक वन अंबाला छावनी प्रधानाचार्य आरसी शर्मा, हरिंद्र सिंह लांबा, अमित अरोड़ा, अमन गुप्ता, मोनिका, आशा चौधरी मौजूद रहीं।

# Regions Participated

| S.NO | REGION | EVENT | PARTICIPANTS | ESCORTS | TOTAL |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Agra | Judo | 22 | 3 | 25 |
| | | Yoga | 16 | 2 | 18 |
| | | Shooting | 3 | 1 | 4 |
| 2 | Ahmedabad | Judo | 3 | 1 | 4 |
| | | Yoga | 10 | 1 | 11 |
| | | Shooting | 1 | 1 | 2 |
| 3 | Bengaluru | Judo | 3 | 1 | 4 |
| | | Yoga | 15 | 2 | 17 |
| 4 | Bhopal | Yoga | 15 | 2 | 17 |
| | | Judo | 20 | 2 | 22 |
| | | Shooting | 10 | 2 | 12 |
| 5 | Bhubaneswar | Judo | 2 | 1 | 3 |
| | | Yoga | 14 | 2 | 16 |
| 6 | Chandigarh | Shooting | 4 | 1 | 5 |
| | | Judo | 18 | 2 | 20 |
| | | Yoga | 15 | 2 | 17 |
| 7 | Chennai | Yoga | 13 | 2 | 15 |
| | | Judo | 1 | 1 | 2 |
| | | Shooting | 8 | 1 | 9 |
| 8 | Dehradun | Judo | 17 | 2 | 19 |
| | | Yoga | 15 | 2 | 17 |
| 9 | Delhi | Yoga | 15 | 2 | 17 |
| | | Judo | 24 | 3 | 27 |
| | | Shooting | 2 | 1 | 3 |
| 10 | Ernakulam | Judo | 5 | 1 | 6 |
| | | Shooting | 7 | 1 | 8 |
| | | Yoga | 15 | 2 | 17 |
| 11 | Gurugram | Shooting | 1 | 1 | 2 |
| | | Judo | 23 | 3 | 26 |
| | | Yoga | 15 | 2 | 17 |
| 12 | Guwahati | Shooting | 1 | 1 | 2 |
| | | Yoga | 15 | 2 | 17 |
| 13 | Hyderabad | Yoga | 15 | 2 | 17 |
| | | Shooting | 3 | 1 | 4 |
| 14 | Jabalpur | Shooting | 4 | 1 | 5 |
| | | Judo | 3 | 1 | 4 |
| | | Yoga | 15 | 2 | 17 |
| 15 | Jaipur | Judo | 19 | 2 | 21 |
| | | Shooting | 10 | 2 | 12 |
| | | Yoga | 13 | 2 | 15 |
| 16 | Jammu | Yoga | 14 | 2 | 16 |
| | | Judo | 9 | 1 | 10 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 17 | Kolkata | Yoga<br>Shooting | 15<br>2 | 2<br>1 | 17<br>3 |
| | | Judo | 1 | 1 | 2 |
| 18 | Lucknow | Shooting | 2 | 1 | 3 |
| | | Judo | 21 | 3 | 24 |
| | | Yoga | 16 | 2 | 18 |
| 19 | Mumbai | Judo | 14 | 2 | 16 |
| | | Yoga | 15 | 2 | 17 |
| | | Shooting | 3 | 1 | 4 |
| 20 | Patna | Shooting | 3 | 1 | 4 |
| | | Judo | 20 | 2 | 22 |
| 21 | Raipur | Shooting | 9 | 1 | 10 |
| | | Yoga | 15 | 2 | 17 |
| | | Judo | 5 | 1 | 6 |
| 22 | Ranchi | Shooting | 1 | 1 | 2 |
| | | Judo | 24 | 2 | 26 |
| 23 | Silchar | Yoga | 15 | 3 | 18 |
| 24 | Tinsukia | Yoga | 15 | 2 | 17 |
| | | Shooting | 1 | 1 | 2 |
| 25 | Varanasi | Yoga | 15 | 2 | 17 |
| | | Judo | 1 | 1 | 2 |
| Total Participants & Escorts | | | 666 | 103 | 769 |

# Result

## OVERALL CHAMPIONSHIP

| GAME/EVENT | POSITION | REGION |
|---|---|---|
| JUDO GIRLS U-14,17,19 | 1 | GURUGRAM |
| | 2 | DELHI |
| | 3 | JAIPUR |

| GAME/EVENT | POSITION | REGION |
|---|---|---|
| YOGASANA GIRLS U-14,17,19 | 1 | KOLKATA |
| | 2 | CHENNAI |
| | 3 | GUWAHATI |

| GAME/EVENT | POSITION | REGION |
|---|---|---|
| SHOOTING GIRLS U-14,17,19 | 1 | RAIPUR |
| | 2 | CHANDIGARH |
| | 3 | JAIPUR |




KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN


लखनऊ संभाग

# 52nd KVS National Sports Meet 2023 (Girls U-14, 17, 19)









# 52nd KVS National Sports Meet 2023 (Girls U-14, 17, 19)









# 52nd KVS National Sports Meet 2023 (Girls U-14, 17, 19)








# 52nd KVS National Sports Meet 2023 (Girls U-14, 17, 19)









# Valedictory Function

## Programme

**Date 9th Nov 2023**

## Chief Guest



**Dr. Pawan Kumar**
Divisional Forest Officer,
(Territorial), Police Lines,
Near D.C. Residence, Ambala

# 52nd KVS National Sports Meet 2023 (Girls U-14, 17, 19)














## 52वीं के.वि.सं. राष्ट्रीय खेल कूद प्रतियोगिता 2023 बालिकाओं (आयुवर्ग- 14, 17 &19 वर्ष से कम ) जूडो, निशानेबाजी, योग

## प्रतिवेदन

केंद्रीय विद्यालय संगठन, नई दिल्ली द्वारा दिनाँक 06-11-2023 से 09-11-2023 तक 52 वीं राष्ट्रीय खेल-कूद प्रतियोगिता 2023- बालिका वर्ग (आयुवर्ग- 14, 17 &19 वर्ष से कम ) का आयोजन गुरुग्राम संभाग के अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय, क्रमांक-2, अम्बाला छावनी में किया गया । इस खेलकूद प्रतियोगिता में बालिकाओं के लिए जूडो, योग और निशानेबाजी प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया ।इस प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय संगठन के सभी संभागों से कुल 666 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने अपनी प्रतिभागिता दी और पूरी निष्ठा लग्न एवं अनुशासन से जूडो, निशानेबाजी , योग प्रतियोगिताओं में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया | उल्लेखनीय हैं कि इन प्रतियोगिताओं के संचालन हेतु छात्रों एवं संरक्षक शिक्षकों के आवास, खानपान एवं खेलों के संचालन हेतु , शिवालिक गुरुकुल , अलियासपुर , जिला अम्बाला के विस्तृत ,सुरम्य एवं हरीतिमा से युक्त परिसर का चयन किया गया था | सभी प्रतिभागियों एवं संरक्षक शिक्षकों की सभी सुख सुविधाओ के उत्तरदायित्व को मेजबान विद्यालय केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2, अंबाला छावनी के प्राचार्य श्री हरिन्द्र सिंह लाम्बा एवं इस प्रयोजन के लिए गठित आयोजन समिति के प्राचार्यों एवं शिक्षकों ने एकजुट होकर सुव्यवस्थित ढंग से निभाया | इस सन्दर्भ में उल्लेख अपरिहार्य हो जाता हैं कि आयोजन स्थल शिवालिक गुरुकुल के पदाधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों का प्रत्येक क्षेत्र में सहयोग वास्तव में सहरानीय रहा । प्रतिदिन सायंकाल 7 से 8 के बीच प्रतिभागियों के मनोरंजन हेतु सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया जिसमे संबंधित विभागों से आए प्रतिभागियों एवं संरक्षक शिक्षकों ने मिलकर अति उत्साह के साथ सांस्कृतिक संध्या को खुशनुमा बना दिया | आयोजन समिति के समस्त सदस्यों ने कुशलतापूर्वक एवं सुचारू रूप से अपने -अपने उतरदायित्व का निर्वहण किया | प्रतियोगिता स्थल पर एम्बुलेंस सहित समस्त आपातकालीन सेवाओं, प्रशिक्षित नर्स एवं चिकित्सक की व्यवस्था भी की गई |

समापन समारोह में मुख्यातिथि महोदय द्वारा विजेता संभागों को पुरस्कृत कर उन्हें सम्मानित किया गया |

**Success is where preparation and opportunity meet.**